# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या– PR................/2025

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–XI (सत्र 2025–27) में नामांकन हेतु सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, 2025 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी, अभिभावक एवं संबंधित के लिए आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–XI (सत्र 2025–27) में नामांकन हेतु दिनांक 20.08.2025 को आयोजित सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, 2025 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी, उनके अभिभावक, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं संबंधित को सूचित किया जाता है कि उक्त सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, 2025 में उपयोग में लाये गये प्रश्न–पत्र बुकलेट (सेट कोड– A, B, C, D, E, F, G, H, I एवं J ) की उत्तर कुंजी (Answer Key) समिति के वेबसाइट https://biharsimultala.com पर **दिनांक 27.08.2025 के अपराह्न से 30.08.2025 के अपराह्न** तक अपलोड रहेगा।

2. उक्त परीक्षा की उत्तर कुंजी (Answer Key) में अगर किसी प्रकार की कोई त्रुटि परिलक्षित होती है तो समिति के उक्त वेबसाइट पर साक्ष्य सहित **दिनांक 27.08.2025 के अपराह्न से 30.08.2025 के अपराह्न** तक ऑनलाइन माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

3. **समिति के उक्त वेबसाइट के पोर्टल पर आपत्ति दर्ज करने का तरीका निम्नवत् है** :–

- उत्तर कुंजी देखने एवं आपत्ति दर्ज करने हेतु अभ्यर्थी उपर्युक्त वेबसाइट पर दिए गए Link पर जाकर अपना मोबाइल नम्बर एवं Password डालकर Login करेंगे।
- Login के बाद Download Master Answer पर Click कर उत्तर कुंजी देख सकते हैं एवं डाउनलोड कर सकते हैं।
- इसके बाद Objection Form पर Click करने पर आपत्ति विंडो खुलेगा।
- अभ्यर्थी आपत्ति विंडो में अपना प्रश्न–पत्र सेट कोड, प्रश्न संख्या एवं नेचर ऑफ आब्जेक्शन को Select कर Suggested Answer में अपना उत्तर Suggest कर सकते हैं तथा आपत्ति के लिए संबंधित टेक्स्ट बॉक्स में औचित्य या अतिरिक्त जानकारी भी लिख सकते हैं। अंत में Submit Button पर Click करेंगे।
- आपत्ति सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किये जाएँगे। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

26/8/25

26/8 **परीक्षा नियंत्रक (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**ज्ञापांक** : के0वि0–489/2025 पटना, दिनांक : 26/08/2025

**प्रतिलिपि** : 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. Project Manager, M/s Antier Solutions Private Limited, Punjab को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में अग्रेतर कार्यवाई हेतु प्रेषित।

3. ई0डी0पी0 मैनेजर, आई0टी0 (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि उक्त परीक्षा के प्रश्न पत्र बुकलेट (सेट कोड– A, B, C, D, E, F, G, H, I एवं J) एवं सभी सेटों की उत्तर कुंजी (Answer Key) को समिति के उक्त बेवसाइट पर **दिनांक 27.08.2025 के अपराह्न से 30.08.2025 के अपराह्न** तक अपलोड रखने एवं उक्त अवधि में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करने की व्यवस्था की जाय। साथ ही संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के B.S.Ex.B.Mobile App पर डाल दिया जाय तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय।

4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5. अध्यक्ष, सचिव के आप्त सचिव एवं विशेष कार्य पदा0, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

26/8/25

26/8 **परीक्षा नियंत्रक (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति